डब्ल्यू-11039/01/2014-एनबीए

भारत सरकार

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

(एनबीए अनुभाग)

12 वी मंजिल पर्यावरण भवन

सीजीओ काम्पलैक्स

लौधी रोड

नई दिल्ली-110003

सेवा में,

सचिव/प्रधान सचिव

सभी राज्यों/संघ-राज्य क्षेत्रों के

ग्रामीण स्वच्छता के प्रभारी

विषय- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दिए गए निर्मल भारत अभियान (एनबीए) के लक्ष्यों के संबंध में पहले 100 दिनों के लिए एजेंडा ।

महोदय/महोदया,

1. इस मंत्रालय ने निर्मल भारत अभियान (एनबीए) के विभिन्न घटकों के अन्तर्गत नई सरकार के पहले 100 दिनों के लिए एजेंडे को अन्तिम रूप दे दिया है। इसके फलस्वरूप, प्रत्येक राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र के लिए 31 अगस्त, 2014 तक प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं । चूँकि 31 अगस्त, 2014 तक इस वित्तीय वर्ष के पांच माह समाप्त हो जाएँगे, अत: एआईपी में विचार-विमर्श के दौरान हुई सहमति के अनुसार, ये लक्ष्य पांच, सात के हिसाब से निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक घटक के लिए वार्षिक लक्ष्यों का ब्यौरा और पहले 100 दिनों के लक्ष्यों को इस पत्र के साथ संलग्न किया गया है।

2. यह उल्लेख किया जाता है कि अप्रैल और मई, 2014 में बताई गई प्रगति बहुत कम रही है। अत: आपसे अनुरोध किया जाता है कि अपने स्तर पर कृपया तत्काल कार्रवाई करें ताकि निर्धारित समय के अन्दर आपके राज्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों में सफलता सुनिश्चित की जा सके । साथ ही आपसे यह भी अनुरोध है कि प्राथमिकता के आधार पर एनबीए की ऑनलाइन मॉनिटरिगं प्रणाली पर उपर्युक्त लक्ष्यों के संबंध में प्रगति की रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें ।

भवदीय

(सरस्वती प्रसाद)

संयुक्त सचिव (स्वच्छता)

1. सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के राज्य एनबीए समन्वयक
2. सचिव (डी डब्ल्यू एस) के प्रधान निजी सचिव
3. निदेशक (एनबीए)
4. तकनीकी निदेशक (एनआईसी), वैबसाइट पर डालने के लिए ।